Set 13-14

प्रश्न पत्र – द्वितीय / QUESTION PAPER – II

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) :

(शब्दों में / In Words) ..........

विषय / Subject :

**Music**

कोड / Code : **212**

A 2120089

Music 212 A

विषय कोड बुकलेट सीरीज

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : 50

समय / Time : $1\frac{1}{4}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## INSTRUCTIONS

1. **Answer all questions.**
2. **All questions carry equal marks.**
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. **If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.**

*Warning :* If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

## निर्देश

1. **सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
2. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोलें को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुक्रमांक प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।**

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 How many 'Shudha', Komal and 'Teevra' swaras are there in a Saptak ?

(1) 7 Shudha, 3 Komal, 2 Teevra

(2) 7 Shudha, 4 Komal, 1 Teevra

(3) 7 Shudha, 5 Komal, 2 Teevra

(4) 7 Shudha, 2 Komal, 3 Teevra

एक सप्तक में शुद्ध, कोमल और तीव्र स्वर कितने हैं ?

(1) 7 शुद्ध, 3 कोमल, 2 तीव्र

(2) 7 शुद्ध, 4 कोमल, 1 तीव्र

(3) 7 शुद्ध, 5 कोमल, 2 तीव्र

(4) 7 शुद्ध, 2 कोमल, 3 तीव्र

2 According to the ancient musicologists 'Krodha' shruti is assigned to which 'swara' ?

(1) Re (2) Ga

(3) Ma (4) Pa

प्राचीन संगीतज्ञों के अनुसार 'क्रोधा' श्रुति पर, कौन–सा स्वर निश्चित किया गया है ?

(1) रे (2) ग

(3) म (4) प

3 How many 'Varnas' are there ?

(1) 4 (2) 6

(3) 7 (4) 8

वर्ण कितने प्रकार के हैं ?

(1) 4 (2) 6

(3) 7 (4) 8

4 Bade Gulam Ali Khan belongs to which Gharana ?

(1) Patiala (2) Rampur

(3) Delhi (4) Agra

बड़े गुलाम अली खाँ किस घराने से संबंधित हैं ?

(1) पटियाला (2) रामपुर

(3) दिल्ली (4) आगरा

5 Who is the author of "Brihaddeshi" ?

(1) Bharat (2) Makrand
(3) Matang (4) Kallinath

"बृहद्देशी" के लेखक कौन हैं ?

(1) भरत (2) मकरंद
(3) मतंग (4) कल्लिनाथ

6 'Kuadi laya' means -

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) $1\frac{1}{4}$
(3) $\frac{3}{4}$ (4) $1\frac{3}{4}$

'कुआड़ी लय' का अर्थ है –

(1) $1\frac{1}{2}$ (2) $1\frac{1}{4}$
(3) $\frac{3}{4}$ (4) $1\frac{3}{4}$

7 How many 'pranas' are mentioned for 'tala' ?

(1) 10 (2) 20
(3) 30 (4) 40

ताल के कितने प्राण बताये गए हैं ?

(1) 10 (2) 20
(3) 30 (4) 40

8 How many times the 'bol', 'dhin' is used in 'Adachautal' ?

(1) 8 (2) 4
(3) 2 (4) 6

आड़ा चौताल में 'धिन' बोल का प्रयोग कितनी बार होता है ?

(1) 8 (2) 4
(3) 2 (4) 6

9 Who is the author of 'Sangeet Raga Kalpadroom' ?

(1) Mohammad Raza (2) Anoop Singh

(3) Sawai Pratap Singh (4) Krishna nanda Vyas

'संगीत राग कल्पद्रुम' के लेखक कौन है ?

(1) मोहम्मद रज़ा (2) अनूप सिंह

(3) सवाई प्रताप सिंह (4) कृष्णानंद व्यास

10 What is raga ?

(1) Which gives pleasure to soul

(2) Which includes poetry

(3) Which incorporate only 'tala paksha'

(4) Which does not have a definite discipline

राग क्या है ?

(1) जो मन का रंजन करे

(2) जिसमें काव्य समाहित हो

(3) जिसमें केवल ताल–पक्ष हो

(4) जिसका कोई निश्चित अनुशासन न हो

11 How many arts are mentioned as per the Indian concept of Art ?

(1) 60 (2) 68

(3) 09 (4) 64

कला की भारतीय अवधारणा के अनुसार कितनी कलाएँ मानी गई हैं ?

(1) 60 (2) 68

(3) 09 (4) 64

12 Folk music includes, which aspect of life ?

(1) Marriage (2) Death

(3) Birth (4) All of the above

लोक–संगीत में, जीवन के किस पहलू का समावेश होता है ?

(1) विवाह (2) मृत्यु

(3) जन्म (4) उपरोक्त सभी

13 Harmonium, falls under which category of instruments ?

(1) Tatta (2) Sushir

(3) Avnadha (4) Ghan

हारमोनियम, वाद्यो की किस श्रेणी के अन्तर्गत आता है ?

(1) तत्त (2) सुषिर

(3) अवनद्ध (4) घन

14 How many 'Kakus' are mentioned in Sangeet Ratnakar ?

(1) 6 (2) 8

(3) 9 (4) 10

संगीत रत्नाकर में कितने प्रकार के 'काकुओं' का उल्लेख है ?

(1) 6 (2) 8

(3) 9 (4) 10

15 'Samgayak' is known as -

(1) Gayak (2) Kalawant

(3) Samag (4) Atai

'सामगायक' को क्या कहा जाता है ?

(1) गायक (2) कलावन्त

(3) सामग (4) अताई

16 Dr. Stanley has devided the organs into how many parts which helps in producing voice ?

(1) 3 (2) 4

(3) 2 (4) 5

डा. स्टेनले ने आवाज़ उत्पन्न करने वाले अवयवों को कितने भागों में विभाजित किया है ?

(1) 3 (2) 4

(3) 2 (4) 5

17 The concept of 'Mela paddhati' is originated from which region ?

(1) East (2) West

(3) North (4) South

'मेल–पद्धति' की अवधारणा किस प्रदेश की देन है ?

(1) पूर्व (2) पश्चिम

(3) उत्तर (4) दक्षिण

18 Pt. Maniram belongs to which 'Gharana' ?

(1) Gwalior (2) Jaipur

(3) Mewati (4) Patiala

पं. मणिराम किस घराने से संबंधित हैं ?

(1) ग्वालियर (2) जयपुर

(3) मेवाती (4) पटियाला

19 'Kuchipudi' dance is originated from which State ?

(1) Assam (2) Bengal

(3) Andhra Pradesh (4) Tamil Nadu

'कुचिपुड़ी' नृत्य का उद्भव किस राज्य से हुआ ?

(1) आसाम (2) बंगाल

(3) आँध्र प्रदेश (4) तमिल नाडू

20 The author of the book 'Rabindra Nather Gan' is -

(1) Rabindra Nath Tagore (2) Somyendra Nath

(3) Swarna Kumari (4) Hemendra Nath

'रवीन्द्रनाथेर गान' पुस्तक के लेखक है --

(1) रवीन्द्र नाथ टैगोर (2) सोमयेन्द्र नाथ

(3) स्वर्ण कुमारी (4) हेमेन्द्र नाथ

21 Recognise the correct swaras of 'Raga Kedara' -

(1) 'Shudha Ma' and Re, ga, Dha, Ni Shudha

(2) 'Teevra Ma' and Re, ga, Dha, Ni, Shudha

(3) Both 'madhyam' and Re, Ga, Dha, Ni, Shudha

(4) Both 'madhyam' and Re, Ga, Dha, Ni Komal

राग केदार के सही स्वरों को पहचानिये –

(1) शुद्ध म और रे, ग, ध, नी शुद्ध

(2) तीव्र मं और रे, ग, ध, नी शुद्ध

(3) दोनों मध्यम और रे, ग, ध, नी शुद्ध

(4) दोनों मध्यम और रे, ग, ध, नी कोमल

22 The 'Pakad' of Raga Chayanat is -

(1) Pa Re, Ga Ma Dha Pa, Re, Ga, Re, Sa

(2) Pa Re, Ga Ma Pa, Ma Ga Ma Re Sa

(3) Re Pa, Ma Ga Ma Re, Sa Re, Sa

(4) Re Pa, Pa Re, Ma Ga Ma Re Sa

राग छायानट की पकड़ है –

(1) प रे, ग म ध प, रे ग रे सा

(2) प रे, ग म प, म ग म रे सा

(3) रे प, म ग म रे, सा रे सा

(4) रे प, प रे, म ग म रे, सा

23 How many times the 'bol', 'Dha' is used in Teental ?

(1) 4 (2) 2

(3) 6 (4) 5

तीनताल में 'धा' का प्रयोग कितनी बार होता है ?

(1) 4 (2) 2

(3) 6 (4) 5

24 Identify the correct group, which contains the components of 'Chaturang' ?

(1) Khayal, Tarana, Sargam, Trivat

(2) Khayal, Tarana, Thumri, Dhrupad

(3) Khayal, Dhrupad, Dhamar, Tarana

(4) Dhrupad, Layakari, Sargam, Trivat

'चतुरंग' के अवयवों को बताने वाले, सही समूह का चुनाव कीजिये –

(1) ख़याल, तराना, सरगम, त्रिवट

(2) ख़याल, तराना, ठुमरी, ध्रुपद

(3) ख़याल, ध्रुपद, धमार, तराना

(4) ध्रुपद, लयकारी, सरगम, त्रिवट

25 Which of the following is used in playing 'Vitat Vadya' ?

(1) Gaj (2) Mizrab

(3) Stick (4) Metal

'वितत वाद्य' वादन के लिये निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है ?

(1) गज (2) मीज़राब

(3) छड़ी (4) धातु

26 'Algoja' comes under the category of which instrument ?

(1) Avnadha Vadya (2) Ghan Vadya

(3) Sushir Vadya (4) Tatta Vadya

अलगोजा, वाद्यों की किस श्रेणी के अन्तर्गत आता है ?

(1) अवनद्ध वाद्य (2) घन वाद्य

(3) सुषिर वाद्य (4) तत्त वाद्य

27 Which of the following are 'Achal-swaras' ?

(1) Sa - Ma (2) Re - Pa

(3) Sa - Pa (4) Pa - Dha

निम्नलिखित में से, 'अचल स्वर' कौन से हैं ?

(1) सा – म (2) रे – प

(3) सा – प (4) प – ध

28 As per Bhatkhande's Notation system Re Ga Ma Pa depicts -

(1) $\frac{1}{2}$ matra of Re (2) $\frac{1}{4}$ matra of Re

(3) $\frac{3}{4}$ matra of Re (4) One matra of Re

भातखंडे स्वर लिपि पद्धति के अनुसार रे ग म प बताता है –

(1) रे की $\frac{1}{2}$ मात्रा को (2) रे की $\frac{1}{4}$ मात्रा को

(3) रे की $\frac{3}{4}$ मात्रा को (4) रे की एक मात्रा को

29 In a Saptak, the 22 'sthanas', mentioned by the musicologists are known as -

(1) Swaras (2) Shruties

(3) Sargam (4) Alap

संगीतज्ञों द्वारा एक सप्तक बताये गये 22 स्थानों को किस नाम से जाना जाता है ?

(1) स्वर (2) श्रुति

(3) सरगम (4) आलाप

30 The frequency assigned to the 'Tar saptak Sa' is -

(1) 240 (2) 480

(3) 380 (4) 340

सप्तक के 'तार सां' की आंदोलन संख्या क्या बताई गई है ?

(1) 240 (2) 480

(3) 380 (4) 340

31 The main style to present Karnatak music is -

(1) Anibadha (2) Nom Tom

(3) Taran Tom (4) Nibadha

कर्नाटक संगीत को प्रस्तुत करने की मुख्य शैली है –

(1) अनिबद्ध (2) नोम तोम

(3) तरन तोम (4) निबद्ध

32 'Kankangi' and 'Mukhari' 'Melas' are known for -

(1) Shudha Swar Saptak

(2) Shudha Tar Saptak

(3) Shudha Mandra Saptak

(4) Komal Swar Saptak

'कनकांगी' या 'मुखारी' मेल को कहा जाता है –

(1) शुद्ध स्वर सप्तक

(2) शुद्ध तार सप्तक

(3) शुद्ध मन्द्र सप्तक

(4) कोमल स्वर सप्तक

33 Identify the correct group which depict the classification of 'Prabandhas', according to Pt. Sharang Deo :

(1) Deshi prabandha, Margiprabandha, Dhruvprabandha

(2) Sud prabandha, Ali kram prabandha, Viprakrirna prabandha

(3) Margiya prabandha, Matrika prabandha, Raga prabandha

(4) Vastu prabandha, Niryukta prabandha, Melapak prabandha

पं. शारंग द्वारा किए गए, प्रबंध के वर्गीकरण को दर्शाने वाले सही समूह को इंगित कीजिये :

(1) देशी प्रबंध, मार्गी प्रबंध, ध्रुव प्रबंध

(2) सूड प्रबंध, आलिक्रम प्रबंध, विप्रक्रिर्ण प्रबंध

(3) मार्गीय प्रबंध, मात्रिका प्रबंध, राग प्रबंध

(4) वास्तु प्रबंध, निर्युक्त प्रबन्ध, मेलापक प्रबंध

34 Which language was used for 'Prachin Prabandha Gayan' ?

(1) Urdu (2) Sanskrit

(3) Arabian (4) Hindi

प्राचीन प्रबंध गायन के लिये किस भाषा का प्रयोग होता है ?

(1) उर्दू (2) संस्कृत

(3) अरबी (4) हिन्दी

35 Rag Bihag belongs to which 'Thata' ?

(1) Kafi (2) Kalyan

(3) Bilawal (4) Khamaj

राग बिहाग का थाट क्या है ?

(1) काफी (2) कल्याण

(3) बिलावल (4) खमाज

36 As per the 'Time-theory' what time is specified to sing 'Raga Bhimpalasi' ?

(1) 1-4 a.m. (2) 4-7 p.m.

(3) 1-4 p.m. (4) 10 a.m. to 1.00 p.m.

राग 'समय–सिद्धान्त' के अनुसार, भीमपलासी का गायन समय क्या है ?

(1) 1-4 a.m. (2) 4-7 p.m.

(3) 1-4 p.m. (4) 10 a.m. to 1.00 p.m.

37 The frequency of 'Pancham' is higher than 'Shadaj'. Indicate the ratio :

(1) $1\frac{1}{4}$ (2) $3\frac{1}{2}$

(3) $1\frac{1}{2}$ (4) $2\frac{1}{2}$

'पंचम स्वर', षड़जस्वर से कितने गुना ऊँचा है ?

(1) $1\frac{1}{4}$ (2) $3\frac{1}{2}$

(3) $1\frac{1}{2}$ (4) $2\frac{1}{2}$

38 'Man Kutuhal Grantha' elucidate on which musical-form ?

(1) Thumri (2) Kajri

(3) Dhrupad (4) Tappa

'मानकुतूहल ग्रंथ' किस सांगीतिक शैली पर प्रकाश डालता है ?

(1) ठुमरी (2) कजरी

(3) ध्रुपद (4) टप्पा

39 Who is the author of 'Nagmate-Asafi' ?

(1) Mohammad Bin Qasim (2) Mohammad Yunus

(3) Mohammad Raza (4) Mohammad Asif

'नग्माते–आसीफ' के लेखक कौन है ?

(1) मोहम्मद बिन क़ासिम (2) मोहम्मद युनुस

(3) मोहम्मद रज़ा (4) मोहम्मद आसिफ

40 'Bahutva' of 'Komal Re' and 'Dha' in Raga Multani changes the 'Raga-swaroopa' and leads it towards the raga -

(1) Bhairav (2) Todi

(3) Puriya Kalyan (4) Jaunpuri

राग मुल्तानी में कोमल रे – ध का बहुत्व, इसके राग स्वरुप को परिवर्तित करके, किस राग की ओर ले जाता है ?

(1) भैरव (2) तोड़ी

(3) पूरिया कल्याण (4) जौनपुरी

41 The process of placing 'shudha-swaras' on the wire of veena was initiated by the scholar -

(1) Ahobal (2) Bhatkhande

(3) Somnath (4) Vyankatmakhi

वीणा के तार पर शुद्ध स्वरों की स्थापना की प्रक्रिया, किस विद्वान ने प्रारंभ की ?

(1) अहोबल (2) भातखण्डे

(3) सोमनाथ (4) व्यंकटमखि

42 Indicate the correct structure of 'Asawari-Thata' -

(1) Sa R̲e̲ Ga Ma Pa Dha N̲i̲ Sȧ

(2) Sa R̲e̲ Ga Ma Pa Dha Ni Sȧ

(3) Sa Re G̲a̲ Ma Pa D̲h̲a̲ N̲i̲ Sȧ

(4) Sa R̲e̲ Ga Ma Pa D̲h̲a̲ Ni Sȧ

आसावरी–थाट के सही स्वरुप को बताइये –

(1) सा रे॒ ग म प ध नि॒ सां

(2) सा रे॒ ग म प ध नि सां

(3) सा रे ग॒ म प ध॒ नि॒ सां

(4) सा रे॒ ग म प ध॒ नि सां

43 Raga Bilaskhani Todi comes under which 'Thata' ?

(1) Bhairvi (2) Todi

(3) Bilawal (4) Marva

राग बिलासखानी तोड़ी, किस थाट के अन्तर्गत आता है ?

(1) भैरवी (2) तोड़ी

(3) बिलावल (4) मारवा

44 How many 'Virkrit swaras' are used in 'Raga Shree' ?

(1) 2 (2) 3

(3) 1 (4) 4

'राग श्री' में कितने विकृत स्वरों का प्रयोग किया जाता है ?

(1) 2 (2) 3

(3) 1 (4) 4

45 'Tarana' is similar to which form of Karnatak Music ?

(1) Tillana (2) Kriti

(3) Padam (4) Javli

'तराना', कर्नाटक संगीत की किस गायन शैली के समान है ?

(1) तिल्लाना (2) कृति

(3) पदम (4) जावलि

46 Maximum, how many ragas can be created through the nine 'Jatis' of one 'thata' ?

(1) 484 (2) 984

(3) 784 (4) 584

एक थाट की नौ जातियों से, अधिकतम, कितने राग बनाये जा सकते हैं ?

(1) 484 (2) 984

(3) 784 (4) 584

47 The 'raga', which is created by the combination of more than two 'ragas', is known as -

(1) Chayalag (2) Sankirna

(3) Shudha (4) Ragansha

वह राग, जिसकी निर्मिति दो से अधिक रागों के मिश्रण से हो, उसे क्या कहा जाता है ?

(1) छायालग (2) संकीर्ण

(3) शुद्ध (4) रागांश

**48** Identify the 'swaras' which depict the structure of 'poorvanga' in a 'Saptak' :

(1) Dḥa Nị Sa Re (2) Mạ Pạ Dḥa Nị

(3) Ga Ma Pa Dha (4) Sa Re Ga Ma

निम्नलिखित में से, सप्तक के पूर्वांग को दर्शाने वाले स्वरों को बताइये :

(1) ध़ नी़ सा रे (2) म़ प़ ध़ नी़

(3) ग म प ध (4) सा रे ग म

**49** Identify the correct pair of 'talas', which contain same 'Matras' and 'Vibhagas' :

(1) Jhaptal - Sooltal (2) Roopak - Teevra

(3) Jhoomra - Ada Chautal (4) Kaharva - Dadra

सही ताल–जोड़ी का चुनाव करें, जिनकी मात्राएँ और विभाग दोनों समान हो :

(1) झपताल – सूलताल (2) रूपक – तीव्रा

(3) झूमरा – आड़ा चौताल (4) कहरवा – दादरा

**50** How many 'Rag-Raginis' are mentioned by 'Shiv-mat', according to its 'Rag-Ragini' classification ?

(1) 6 Raga - 30 Raginies (2) 8 Raga - 36 Raginies

(3) 6 Raga - 36 Raginies (4) 6 Raga - 32 Raginies

शिव मत के राग – रागिनी वर्गीकरण में, राग और रागिनियों की संख्या कितनी है ?

(1) 6 राग - 30 रागिनियाँ (2) 8 राग - 36 रागिनियाँ

(3) 6 राग - 36 रागिनियाँ (4) 6 राग - 32 रागिनियाँ

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह